Phone: 0551-6450130

Mahatma Gandhi Post Graduate College

Gorakhpur-273 001

e-mail: mgpg_gkp@rediffmail.com, Website: www.mgpgc.in

दिनाँक : 30.12.2022

प्रकाशनार्थ

आज दिनाँक 30.12.2022 को महात्मा गाँधी पी0जी0 कालेज, गोरखपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा भारत माता पूजन दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का प्रारम्भ 'ध्येय मंत्र एव ध्येय वाक्य' से किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री विनोद कुमार सिंह, सचिव/प्रबन्ध निदेशक, के.आई.पी.एम. टेक्निकल कैम्पस, गीडा, गोरखपुर रहे । इस अवसर पर उन्होंने 30 दिसम्बर के ऐतिहासिक महत्व के बारे में विस्तार से बताया। उन्होने कहा कि आज के ही दिन 30 दिसम्बर,1943 को सुभाष चन्द्र बोस ने पोंट ब्लेयर, अण्डमान निकोबार मे झण्डा फहरा कर देश को आजाद करने की घोषणा कर दी। कार्यक्रम में कालेज के कार्यवाहक प्राचार्य प्रो0 उमेश कुमार गुप्ता ने बताया कि देश की आजादी के लिए कितने वीर सपूतों ने अपनी प्राणाहुति देकर देश को आजाद कराया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के संरक्षक डॉ0 रविन्द्र नाथ शुक्ल ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए परिचय दिया। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 अनिल कुमार मिश्र ने किया। अन्त में कार्यक्रम का समापन भारतमाता की आरती के साथ सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्यरूप से डॉ0 एस0पी0सिंह, डॉ0 एस0पी0 दूबे, डॉ0 संजय यादव, डॉ0 अजय श्रीवास्तव, डॉ0 राजनरायण यादव, डॉ0 ब्रिजेश गुप्ता, डॉ0 अमित राय, डॉ0 नितिन बक्शी आदि उपस्थित रहे।

30-12-2022

प्रो0 (उमेश कुमार गुप्त)
प्राचार्य